Regarding establishment of a stadium under Khelo India Programme in Shahjahanpur Parliamentary Constituency-laid

श्री अरुण कुमार सागर **(**शाहजहाँपुर**):** मेरा संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) एक अति पिछड़ा हुआ अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र है । मेरे क्षेत्र में युवाओं की काफी अधिक संख्या है और उनकी खेल कूद में विशेष रूचि है । यह हमारे लिए प्रसन्नता की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नए केंद्रीय नेतृत्व में देश में खेल की स्थिति व स्तर में सुधार करने, खेलों को बढ़ावा देने एवं नई प्रतिभाओं को तलाशने के उद्देश्य से खेलो इंडिया कार्यक्रम योजना क्रियान्वित की जा रही है, जिसके माध्यम से व्यक्तिगत विकास, सामुदायिक विकास, आर्थिक विकास और राष्ट्रीय विकास हेतु आयाम तैयार करना है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र के नौजवान ऊर्जावान, परिश्रमी, कर्मठ और देशभक्त हैं । यदि इन युवकों को किशोरावस्था से ही खेलकूद का प्रशिक्षण उच्च स्तरीय स्टेडियम में मिल जाए तो शाहजहांपुर संसदीय जनपद की यह धरती, जो देश की आजादी से पहले से ही राष्ट्र की सेवा में समर्पित रही है, खेलकूद में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेगी ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह मेरे संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों की युवा प्रतिभा को आगे लाने के लिए शाहजहांपुर जनपद की कटरा विधानसभा की कटरा नगर पंचायत में ?खेलो इंडिया कार्यक्रम योजना? के अंतर्गत स्टेडियम की स्थापना किए जाने हेतु समुचित कदम उठाएं ।